तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 मार्च 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



12 सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में शुरू हुआ...





12 न्योता भोज; पोषण, शिक्षा और सामुदायिक...




## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** बम्हनी में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक चालक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात वाहन चालक के विरुध्द जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि घनश्याम साहू पिता स्व बोधूराम साहू (49 साल) निवासी परसट्ठी 14 मार्च को अपनी मोटर सायकल होंडा शाईन क्रमांक सीजी 04 एमएन 9242 में ग्राम चिंगरौद से अपनी सास चमेली बाई साहू निवासी कुशालपुर रायपुर को बिठाकर वापस अपने घर परसट्ठी जा रहा था। रास्ते में सेत गंगा मंदिर के सामने सड़क ग्राम बम्हनी पहुंचे थे तभी अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुये घनश्याम साहू की बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में घनश्याम साहू घायल हो गया, वहीं पीछे बैठी चमेली बाई साहू को कोई चोट नहीं आयी थी। घायल घनश्याम साहू को वाहन 108 से जिला अस्पताल इलाज हेतु लेकर गये। जहां के डॉक्टर द्वारा घायल को उचित इलाज हेतु रेफर करने पर परिजनों द्वारा निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां घनश्याम साहू की 15 मार्च को मौत हो गई। मामले में अज्ञात मोटर सायकल के चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### विवाद के बाद मारपीट, चाकू से हमला

**महासमुंद।** पैर रखने को लेकर हुए विवाद के चलते मारपीट और चाकू से हमले के मामले मामले में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को टेका निवासी जितेंद्र बरिहा ने बताया कि 15 मार्च को गांव के प्रदीप साहू की बारात में उसका भाई नरेंद्र बरिहा, उमेश बरिहा और चंद्रशेखर बरिहा और गांव के अन्य लोग बस से ग्राम मोहतरा थाना बिलाईगढ गये थे। बारात में शामिल होकर वापस ग्राम टेका आते समय बस में उसके भाई नरेंद्र बरिहा ने अपना पैर राम सिन्हा के पैर के ऊपर रख था, जिसे लेकर दोनों में विवाद हुआ। जैसे ही 4 बजे बस से ग्राम टेका पहुंची बस से उतरते समय नरेंद्र बरिहा के साथ विवाद करते हुए राम सिन्हा ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट और अपने पास रखे चाकू से नरेंद्र के बांये कंधा के पास वार किया। बीच बचाव करने आये उमेश बरिहा और चंद्रशेखर साहू के साथ भी गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया और उमेश बरिहा के पीठ में चाकू से वार किया है। साथ ही चंद्रशेखर के मुंह के बांये हिस्से में पत्थर फेंककर मारा। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

# मार्च में ही तेज हुई गर्मी, जिले में पहुंचा पारा 36 डिग्री के पार


## दोपहर में सड़कों पर कम हुई आवाजाही, मौसम विभाग ने जताई तापमान बढ़ने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मार्च के महीने में ही महासमुंद जिले में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण दोपहर के समय शहर की सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और कई स्थानों पर सड़कें सुनसान नजर आने लगी हैं। सुबह के समय मौसम सामान्य रहता है, लेकिन सुबह 8-9 बजे के बाद धूप तेज हो जाती है। इसके बाद दोपहर तक गर्मी का असर बढ़ने लगता है। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी दोपहर के समय लोगों की भीड़ कम दिखाई दे रही है। लोग जरूरी काम सुबह या शाम के समय ही निपटाने का प्रयास कर रहे हैं।

### गर्मी से बचाव के उपाय अपनाने लगे लोग

तेज धूप से राहत पाने के लिए लोग छाता, गमछा और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। वहीं दोपहिया वाहन चालकों को भी तेज धूप के कारण ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में ठंडे पेय, जूस और आइसक्रीम की दुकानों पर भी भीड़ बढ़ने लगी है।



### रात में मिल रही थोड़ी राहत

हालांकि दिन के मुकाबले रात के समय तापमान में कुछ गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे लोगों को थोड़ी राहत मिल रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री तक और बढ़ोतरी हो सकती है।

### सावधानी बरतने की सलाह

डॉक्टरों और विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें और पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करें। खासकर बच्चों और बुजुर्गों को गर्मी से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। गर्मी के शुरुआती दौर में ही बढ़ते तापमान ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। ऐसे में आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**समस्या :** मरम्मत के लिए स्वीकृत हुए 3 करोड़ 55 लाख, लेकिन टेंडर प्रक्रिया के कारण काम अटका

# चिंगरौद-हथखोज मार्ग जर्जर, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले को गरियाबंद से जिले में जोड़ने वाले सबसे नजदीकी मार्ग चिंगरौद-हथखोज जर्जर होने के कारण इस मार्ग से गरियाबंद पहुंचने वाले लोगों के लिए यह मार्ग परेशानी का सबब बना हुआ है। बता दें कि यह मार्ग महासमुंद और गरियाबंद जिले को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण गांव होने के साथ सीमा के नजदीकी गांवों और ग्रामीणों की आवाजाही का सबसे बड़ा साधन है। लेकिन, लंबे समय से मरम्मत नहीं होने के कारण जगह-जगह बड़े गड्ढे हो चुके हैं।

जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित चिंगरौद-हथखोज मार्ग सैकड़ों ग्रामीणों के लिए रोजाना आवाजाही का प्रमुख रास्ता है। सड़क की खराब हालत को देखते हुए इसके पुनर्निर्माण के लिए लगभग 3 करोड़ 55 लाख रुपये की स्वीकृति दी जा चुकी है। हालांकि अभी तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जिससे लोगों की परेशानी लगातार बनी हुई है।



### कई बार उठ चुकी है मरम्मत की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर सड़क के सुधार के लिए कई बार प्रशासन को आवेदन और ज्ञापन दिए जा चुके हैं। संबंधित विभाग से मरम्मत की स्वीकृति भी मिल चुकी है, लेकिन अब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण काम शुरू नहीं हो पाया है। विभागीय अफसरों की मानें तो चिंगरौद-हथखोज सड़क निर्माण के लिए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। टेंडर खुलने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को राहत मिल सकेगी।

### गड्ढों से भरी सड़क, बरसात में हालात और खराब

ग्रामीणों की मानें तो इस मार्ग पर हुए गड्ढे बरसात के दौरान और खतरनाक हो जाते हैं। इनमें पानी भर जाने से वाहन चालकों को अंदाजा नही हो पाता। कई बार वाहन चालक इन गड्ढों में गिरकर दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं। वर्तमान में भी सड़क पर केवल डामर की परत ही दिखाई देती है और कई स्थानों पर सड़क पूरी तरह टूट चुकी है।

### संकरी सड़क से भी बढ़ रही समस्या

स्थानीय लोगों के अनुसार नवागांव बाजार से बचेली तक सड़क काफी संकरी है, जिससे वाहनों का आवागमन प्रभावित होता है। इस मार्ग से शासकीय हाई स्कूल चिंगरौद, शासकीय कॉलेज और अन्य संस्थानों के छात्र-छात्राएं भी रोजाना आते-जाते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण उन्हें भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## घर के अंदर घुसकर मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम पचेड़ा में घर के अंदर घुसकर मारपीट करने के मामले में खल्लारी थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है।


पुलिस को साहस राम देवांगन पिता डेरहा राम देवांगन (60 वर्ष) पचेड़ा ने बताया कि 15 मार्च की सुबह करीबन 7 बजे गांव का खिलावन पिता श्यामकुमार दुबे उसके घर के दरवाजा को धक्का देकर अंदर घुस गया और घरेलू उपयोगी सामान को तोड़फोड़ करने लगा, जिसे मना करने पर गाली गलौज कर उसने मारपीट की।

बीच बचाव करने आए गीता दुबे, केशव साहनी, जितेंद्र टंडन, सेवकराम साहू के साथ भी उसने गाली गलौज किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 333, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# नाली निर्माण में देरी, रिस कर घरों के जल स्त्रोतों को प्रभावित कर रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नाली निर्माण में देरी और गुणवत्ताहीन कार्य के चलते शहर के महामाया चौक से गांधी चौक तक के नागरिकर पानी की समस्या को लेकर परेशान है। नाली निर्माण में गति नहीं होने के कारण तोड़ी गई नालियों का गंदा पानी रिस कर आसपास के जल स्त्रोतों तक पहुंच गया है। मामले में पालिका प्रशासन द्वारा ठेकेदार पर दबाव नही बनाने और कार्य में गति नहीं होने का आरोप लगाते हुए स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कुओं व बोर में नाली का रिसाव होने से लोग दूषित पानी पी रहे हैं। इसका प्रभाव अब लोगों के सेहत भी पड़ने लगा है। पालिका अफसरों को भी गुहार लगाने के बाद भी मामले में कोई सार्थक पहल नही करते हुए पालिका की स्थिति जनसरोकार से विमुख होने वाली नजर आ रही है। स्थानीय नागरिकों ने हरिभूमि को बताया कि नगर के वार्ड 16-17 गांधी चौक एवं महामाया मंदिर मार्ग में सीसी नाली का निर्माण किया जा रहा है। तोड़-फोड़ की वजह नाली का गंदा पानी आसपास घरों के कुआं व बोर में रिस रहा है। निर्माण कार्य के चलते यह गंदा पानी शहर के शीतला तालाब में भी छोड़ा जा रहा है। बदबू और गंदगी के चलते तालाब में निस्तारी करने वाले लोगों के समक्ष निस्तारी की समस्या खड़ी हो गई है। दोनों वार्डों में तालाब का पानी भी निस्तार योग्य नहीं बचा। हजारों लोग निस्तार संकट से जूझ रहे हैं।



### सराफा बाजार में गंदगी, लोग नाराज

शहर के सराफा बाजार में फैली गंदगी किसी को रास नहीं आ रहा है। व्यवसाइयों व लोगों का कहना है कि करीब डेढ़ माह से नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। लेकिन, कार्य अब तक पूरा नहीं हो सका है।

# सरपंच पर भ्रष्टाचार का आरोप, स्थानीय अफसरों ने नहीं दिया शिकायत पर ध्यान

## मामले को लेकर कलेक्टर से की गई जनदर्शन में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नदी चरौदा के वर्तमान सरपंच दिनेश ध्रुव पर ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों ने एकजुट होकर पहले तो तहसीलदार और एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। फिर भी कार्रवाई नही होने के कारण ग्रामीणों ने कलेक्टर से जनदर्शन में शिकायत करते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच द्वारा विकास कार्यों में अनियमितता करते हुए सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले एक वर्ष के दौरान ग्राम पंचायत में किसी भी विकास कार्य को विधिवत रूप से नहीं कराया गया। इसके बावजूद बोर खनन, सफाई, पावर पंप, पंखा-कूलर, अलमारी, फोटोकॉपी, प्रिंटिंग सहित अन्य सामान्य कार्यों के नाम पर 2 लाख 65 हजार 328 रुपये की राशि फर्जी बिल-वाउचर के माध्यम से आहरित कर ली गई। ग्रामीणों का कहना है कि इन कार्यों की जानकारी पंचायत के पंचों को भी नहीं दी गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि तालाब गहरीकरण, सीसी रोड निर्माण, हैंडपंप स्थापना और नाली निर्माण जैसे कार्यों में भी लाखों रुपये की अनियमितता की गई है। उनका कहना है कि कई कार्य केवल कागजों में दर्शाए गए हैं, जबकि जमीन पर वास्तविक काम नहीं हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बिल-वाउचर फर्जी तरीके से बनाए गए हैं। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में मांग की है कि सरपंच दिनेश ध्रुव के खिलाफ निष्पक्ष जांच कराई जाए और पंचायत में किए गए सभी विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन कराया जाए। साथ ही यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता तीरथ यादव, सरस्वती निषाद, कुंती बंजारा, हेमलाल सेन, सागरचंद, मंगल यादव, कुंवर यादव, हेमलाल यादव और संजय यादव सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे गरीब किसान हैं और गांव के विकास के लिए आने वाली राशि में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे मजबूर होकर आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

### शादी समारोह में शामिल होने गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** कोमाखान थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक की बाइक शादी समारोह के दौरान चोरी हो गई। पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार टुहलू चौकी थाना कोमाखान निवासी रीवन ठाकुर ने पुलिस को बताया कि 11 मार्च को वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 06 एचई 4024 से अपने दोस्त देवानंद ठाकुर के घर ग्राम भोथा शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात करीब 11 बजे उसने बाइक को तालाब के पास सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। कुछ समय बाद जब वह वापस लौटा तो बाइक वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। अज्ञात चोर उसकी करीब 50 हजार रुपये कीमत की बाइक चोरी कर ले गया। मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## खबर संक्षेप

### सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण, रोड सेफ्टी क्लब का होगा गठन




**रायपुर।** बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान में रखते हुए तथा आम नागरिकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुरक्षित भव फाउंडेशन द्वारा 16 मार्च सोमवार को दोपहर 3 बजे से एक विशेष सड़क सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया जाएगा। फाउंडेशन के डायरेक्टर केशव राव ने उक्ताशय की जानकारी विज्ञप्ति के माध्यम से देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों, सुरक्षित ड्राइविंग, दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक सहायता तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में निभाई जाने वाली भूमिका के बारे में जागरूक करना है।

### पेयजल व्यवस्था को लेकर रावणभाठा फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण



**रायपुर।** गर्मी के मौसम में शहरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर शनिवार को अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू ने रावणभाठा स्थित फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर प्लांट संचालन प्रक्रिया और मोटर पंपों के कार्य स्थिति की जानकारी ली। श्री साहू ने निरीक्षण के दौरान जल विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ग्रीष्माकालीन पेयजल व्यवस्था की जानकारी लेने नगर निगम के अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू रावणभाठा के फिल्टर प्लांट पहुंचे। वहां उन्होंने फिल्टरेशन प्रक्रिया, प्रयोगशाला में टेस्टिंग की स्थिति, शहर के सभी पानी टंकियों में जलभराव, स्कॉडा मानिटरिंग सिस्टम का प्रत्यक्ष अवलोकन कर जानकारी ली। इस दौरान जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र सहित फिल्टर प्लांट के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समाज सेवा समिति ने महिला का कराया ऑपरेशन



**रायपुर।** समाजसेवा समिति टाटीबंध रायपुर के सेवादारों ने एक जरूरतमंद परिवार की महिला की आंख का ऑपरेशन कराने में सहयोग दिया। इस सेवाभाव में दृष्टि नेत्रालय के चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार गेडाम एमबीबीएस (एमएस) भी शामिल रहे। इस दौरान समाजसेवा समिति के सेवादार गुरजंट सिंग भामरा, रणजीत सिंग पनेसर, चरणजीत सिंग पनेसर, हरजीत सिंग कलसी, जसपाल सिंग होरा, राजू सिंह ठाकुर, इंद्रजीत सिंग मान, नसीब सिंग गिल आदि मौजूद थे।

### शोध उन्मुखीकरण पर एम्स में कार्यशाला

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में पिछले दिनों दो दिवसीय पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च ओरिएंटेशन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन संस्थान की इंस्टीट्यूट रिसर्च सेल द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य स्नातकोत्तर विद्यार्थियों में शोध कौशल को सुदृढ़ करना तथा वैज्ञानिक अनुसंधान और अकादमिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के पहले दिन स्नातकोत्तर शोधार्थियों के लिए संरचित शोध प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। एसोसिएट डीन रिसर्च डॉ. एकता खंडेलवाल तथा डीन डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा ने स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में शोध के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को साक्ष्य-आधारित वैज्ञानिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# ट्रक से 30 मीट्रिक टन दाल और शक्कर बरामद, दो लोग गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

रायपुर से चाईबासा झारखंड के लिए निकले सामान को लेकर ट्रक ड्राइवर की नीयत खराब हो गई और उसने ट्रक में लोड दाल व शक्कर को पटपरपाली स्थित एक मकान में छिपा दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

कोमाखान पुलिस को 14 मार्च को प्रार्थी गौतम चंद सेठिया पिता शांतिलाल (62साल) निवासी गुढ़ियारी रायपुर ने लिखित सूचना दी कि 10 मार्च को 30 मीट्रिक टन दाल व शक्कर कीमत 16,50,000 रुपये को मां लक्ष्मी ट्रांसपोर्ट के ट्रक क्रमांक सीजी 04 एमई 8671 में लोड कराकर ड्रायवर झनक नायक निवासी बसना एवं संतोष आदिवासी निवासी बरोदिया मध्यप्रदेश के माध्यम से चाईबासा झारखंड के लिए रवाना किया गया था, जो कि नियत समय पर गंतब्य में नहीं पहुंचा। मामले में धारा 316 (3), 61(2) बीएनएस अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के बाद से फरार आरोपी झनक नायक पिता रामसिंग नायक (37साल) निवासी नायकपारा बसना थाना बसना, संतोष आदिवासी पिता चौदेलाल (50 साल) निवासी बरोदिया थाना मलथौन जिला सागर मध्यप्रदेश का पतासाजी कर 16 मार्च को हिरासत में लिया गया और छिपाकर रखे गए दाल, चावल एवं शक्कर को बरामद किया गया।



# कार से 75 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोमाखान पुलिस ने कार से 75 लाख रुपए कैश बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि 16 मार्च को वाहन चेकिंग के दौरान खरियार रोड ओडिशा की ओर से आ रही सफेद रंग की होंडा कार क्रमांक ओडी 05 पीबी 2122 को रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजेंद्र महानंद पिता बिड्डू महानंद (27 साल) निवासी मुंडापला थाना बेलपला जिला बलांगीर ओडिशा एवं चालक सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम महाप्रज्ञ जैन पिता खेमचंद जैन (47 साल) निवासी वार्ड 02 डेली मार्केट कांटाबांजी थाना कांटाबांजी जिला बलांगीर ओडिशा का होना बतायां। कार के बीच सीट में नीला रंग के बैग में रखे सामान के संबंध में पूछताछ करने पर महाप्रज्ञ जैन द्वारा सोना-चांदी खरीदी बिक्री की नगदी रकम 75 लाख रुपए को मनोहर मका एंड कंपनी एवं 60 ज्वेलर्स रायपुर को देने हेतु कांटाबांजी से रायपुर लेकर जाना बताया गया। वाहन में रखे नीले रंग के बैग की तलाशी लेने पर बैग के अंदर 500-500 सौ नोट के बंडल कुल 150 बंडल कुल 75 लाख रुपए को बरामद किया।



## फुंडहर ऐसा इलाका, जहां रहवासी सौ मीटर भी बगैर हेलमेट बाइक नहीं चला सकते

# हेलमेट के नाम पर शहर के भीतर भी कट रही जेब, सीधे मोबाइल पर पहुंच रहा ई-चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हेलमेट के नाम पर ई-चालान काटने को लेकर ट्रैफिक पुलिस का कोई मापदंड नहीं है। शहरी क्षेत्र में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने अघोषित छूट है। शहर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई पहले से ज्यादा तेज हो गई है। आईटीएमएस कैमरों की जद में बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के पांच सौ से एक हजार रुपए तक के ई-चालान काटे जा रहे हैं। इसके विपरीत तीन-चार सवारी वाले दोपहिया वाहन चालकों पर किसी तरह से कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

- दोपहिया में ट्रिपलिंग पर कार्रवाई नहीं

बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने के मामले में वीआईपी रोड स्थित फुंडहर इलाके के रहवासियों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। फुंडहर चौक पर चारों दिशाओं में आईटीएमएस कैमरे लगे हुए हैं। इसके चलते बस्ती में रहने वाले अपने घर से बगैर हेलमेट दोपहिया चलाने पर आईटीएमएस के कैमरे में कैद हो जाते हैं और उनका ई-चालान कट जाता है। स्थिति ऐसी है कि कई दोपहिया वाहन चालकों का बगैर हेलमेट दोपहिया चलाए जाने के कारण आठ से दस बार ई-चालान कट चुका है।



### डॉयल-112 की गाड़ी में स्टंट, ऐसे में कैसे चलेगा काम



ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के साथ बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। शनिवार को ट्रैफिक के साथ थानों की पुलिस ने 132 नशेड़ी वाहन चालकों की गाड़ियां जब्त की हैं। नशेड़ी वाहन चालकों के साथ ट्रैफिक उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बाइक सवार एक युवक डॉयल-112 की गाड़ी में स्टंट करते दिख रहा है। वीडियो संतोषी नगर में शनिवार रात 11.55 बजे का है। बताया जा रहा है कि डॉयल-112 के साथ स्टंट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

### जहां आईटीएमएस कैमरे नहीं, वहां ज्यादा लापरवाही



जिन क्षेत्रों में आईटीएमएस कैमरे नहीं लगे हैं, उन क्षेत्रों में ट्रैफिक नियमों का ज्यादा उल्लंघन हो रहा है। ऐसे क्षेत्र में दोपहिया वाहन चालक स्टंट करने के साथ ही अपनी दोपहिया में तीन से चार सवारी बैठाकर निकल रहे हैं। साथ ही कार चालक रोड क्रॉस कर रहे लोगों को रोड पार जाने देने के बजाय तेजी से कार निकलते हैं। इससे एक्सीडेंट का खतरा भी बना रहता है। ट्रैफिक नियम के मुताबिक, अगर कोई पैदल रोड पार कर रहा है तो ऐसी स्थिति में दोपहिया, चौपहिया वाहन चालकों को अपनी गाड़ी धीरे कर पैदल जा रहे व्यक्ति को रोड पार करने देने का नियम है।

### हजार में दस लोगों का बगैर हेलमेट कटता है चालान



बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों के लिए चालान काटने का कोई पैरामीटर नहीं है। बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों में से औसतन बगैर हेलमेट एक हजार दोपहिया वाहन चालकों में से महज दस के खिलाफ ई-चालान कटता है। इनमें भी उन लोगों का ई-चालान कट रहा है, जिन गाड़ी मालिकों का मोबाइल नंबर आरटीओ में अपडेट है। शेष अन्य बगैर हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों का ई-चालान नहीं कट रहा।

# फेडरेशन 18 को करेगा जिले-ब्लाक में जंगी प्रदर्शन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर प्रदेशभर के कर्मचारी एवं अधिकारी अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर 18 मार्च (बुधवार) को जिला एवं ब्लॉक मुख्यालयों में भोजन अवकाश के दौरान जंगी प्रदर्शन करेंगे। फेडरेशन ने प्रदेश के सभी कर्मचारी-अधिकारियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर अपनी एकता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने का आव्हान किया है।

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के निराकरण के लिए यह प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। प्रमुख मांगों में मोदी की गारंटी के अनुसार जुलाई 2016 से लंबित महंगाई भत्ता एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित करने, प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान क्रमशः 8, 16, 24 एवं 32 वर्ष में प्रदान करने तथा मध्यप्रदेश की भांति अर्जित अवकाश नकदीकरण 300 दिवस करने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही फेडरेशन ने लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने, शिक्षकों की प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त सेवा लाभ देने, तथा सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान प्रदान करने की मांग भी उठाई है।

फेडरेशन ने अनुकंपा नियुक्ति को निशर्त लागू करने, 10 प्रतिशत की वर्तमान सीमा समाप्त कर सीधी भर्ती के समस्त पदों पर अनुकंपा नियुक्ति देने, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने, तथा नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन और समयबद्ध पदोन्नति देने की भी मांग की है। इसके अतिरिक्त विभागों में कर्मचारियों की कमी को देखते हुए सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, कार्यभारित, दैनिक वेतनभोगी, अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण करने, तथा आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली एवं सेवानिवृत्ति उपरांत संविदा नियुक्ति तत्काल बंद करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई है। साथ ही विभागों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की अनुमति देने की भी मांग की गई है।

# सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, आक्रोशित बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाना घेरा, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हिंदू देवी-देवताओं को लेकर सोशल मीडिया पर अशोभनीय टिप्पणी से नाराज बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइंस थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। बजरंग दल की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अपराध दर्ज होने की भनक लगने के बाद आरोपी युवक फरार हो गया है, जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है।

- सिविल लाइंस पुलिस आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में जुटी

राजातालाब निवासी अंजुम खान के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। अंजुम ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं और हिंदुत्व को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिसके बाद तनाव का माहौल है। यह मामला तब और बढ़ गया, जब युवक का सोशल मीडिया पर स्टेटस वायरल हो गया।

इस पर आक्रोशित बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठन थाने का घेराव करने पहुंच गए। अंजुम ने रमजान के पाक महीने में अपने मीडिया स्टेटस पर रमजान की शुभकामनाओं के साथ हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिप्पणी की थी। बजरंग दल के जिला अध्यक्ष योगेश सैनी के अनुसार, रमजान के पाक महीने में आरोपी युवक ने जानबूझकर सौहार्द्र बिगाड़ने हिंदू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने राजातालाब में सुरक्षा बढ़ा दी है।





### चेट्रीचंड्र के उपलक्ष्य में निकाली बाइक रैली

**रायपुर।** चेट्रीचंड्र पर्व के उपलक्ष्य में सिंधी समाज द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा लाखेनगर से झूलेलाल सरोवर कटोरा तालाब तक विशाल वाहन रैली व झूलेलाल चालीहा महापाठ दरियशाह की महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों सिंधुजन शामिल हुए। आयोजन में बॉलीवुड अभिनेता राहुल चेलानी, धार्मिक सीरियल्स में हनुमानजी का किरदार निभाने वाले अभिनेता निर्भय वाधवा और अभिनेता अक्षय पोपटानी विशेष रूप से शामिल हुए। समिति के संस्थापक प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से जानकारी दी। मुख्य रूप समिति के प्रमुख संतोष सचदेव, हर्षित लेखवानी, योगेश घिंडवानी, हेमंत बुधवानी, सुजल करवानी आदि उपस्थित रहे।

# तीस महीने बाद भी शुरू नहीं हो पाया आंबेडकर अस्पताल के नए भवन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले नए अस्पताल भवन ने तीस महीने बाद भी आकार लेना शुरू नहीं किया है। मरीजों की सुविधा के विस्तार के लिए अति आवश्यक इस भवन को बनाने की जिम्मेदारी सीजीएमएससी के पास है। उसके कामकाज की प्रक्रिया इतनी लंबी है कि अब तक निर्माण एजेंसी ही तय नहीं हो पाई है। पर्याप्त जगह के अभाव में मरीज अभी को इलाज के लिए तकलीफ उठानी पड़ रही है।

- जगह का अभाव, मरीजों को उठानी पड़ रही परेशानी

राज्य शासन द्वारा आंबेडकर अस्पताल भवन में ज्यादा मरीजों की भर्ती के लिए सात सौ बिस्तर की क्षमता वाले नए भवन के निर्माण को मंजूरी दी थी। इस दौरान माना गया था कि एक से डेढ़ साल में भवन बनने के बाद वहां के कई इलाज में भर्ती होने वाले मरीजों को अपना बेड शेयर नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए आवश्यक निर्माण की जिम्मेदारी सीजीएमएससी को दी गई। अपने शिथिल कामकाज के लिए हमेशा चर्चित रहने वाली इस एजेंसी ने बेहद जरूरी काम को भी अपनी आदतन के अनुसार ढीला कर दिया। योजना के मुताबिक इस एकीकृत अस्पताल के निर्माण के लिए 322 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त है। इसके लिए सीजीएमएसी ने टेंडर तो जारी किया गया था मगर तीस महीने की प्रक्रिया के बाद भी इसे अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। निर्माण एजेंसी तय नहीं होने की वजह से निर्माणाधीन स्थल पर खड़ा भवन अभी भी जस का तस खड़ा है क्योंकि वहां अब तक काम ही शुरू नहीं हो पाया है। तीस महीने बीत चुके इस भवन का काम शुरू होने और पूरा होने में तीन से चार साल लगने की संभावना से इंकार नहीं किया जा रहा है।



# बुझने लगे बेस किचन के चूल्हे, इंडक्शन पर पकेगा यात्रियों का खाना, अब रेडी-टू-ईट भोजन देने की तैयारी भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

हरिभूमि सरोकार

देशभर में गैस संकट के बीच अब आईआरसीटीसी के बेस किचन में खाना तैयार करने गैस की किल्लत होने लगी है। ऐसे में कई जगहों पर यात्रियों के लिए खाना तैयार करने इंडक्शन का उपयोग लिया जा रहा है। ट्रेनों में इंडक्शन के जरिए नाश्ता बनाने के साथ-साथ गर्म कर यात्रियों को दिया जा रहा है। बता दें कि जोन के बेस किचन में सप्ताहभर के लिए गैस बची है। सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई तो प्लान बी से खाना बनाएंगे।

## जोन के बेस किचन में सप्ताहभर के लिए बचा है गैस, सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हुई तो प्लान बी से बनाएंगे खाना

### वंदे भारत ट्रेनों में उपलब्ध रहेगा रेडी टू ईट

वंदे भारत ट्रेनों में 'रेडी टू ईट' नाश्ता व भोजन उपलब्ध होगा। वंदे भारत में अलग से पेंट्रीकार नहीं होती। इस ट्रेन में मिनी पेंट्रीकार होती है। मिनी पेंट्रीकार में नाश्ता, खाना, चाय व पानी गर्म किया जाता व रखा जाता है। जब बेस किचन से नाश्ता व भोजन नहीं मिलेगा तो आईआरसीटीसी यात्रियों को मिनी पेंट्रीकार के माध्यम से यात्रियों को 'रेडी टू ईट' नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराएगा।



### नाश्ता और खाना के अभाव के बाद निर्देश

रेलवे बोर्ड के उप निदेशक (खानपान) ए. रंगराजन ने सभी प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधकों और आईआरसीटीसी के प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिया है।उन्होंने कहा है कि ऐसी आपातकालीन स्थितियों के दौरान, सभी सुरक्षा उपायों और प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन करने की शर्त पर, ट्रेनों के पैंट्रीकारों में 'फ्लेमलेस कुकिंग', बिना आग के खाना पकाने की अनुमति दी जा सकती है। बता दें कि सुरक्षा को देखते हुए बोर्ड ने ही पेंट्रीकार में नाश्ता और खाना बनाने पर रोक लगाई थी। पेंट्रीकार में सिर्फ खानपान की सामग्री, चाय व पानी गर्म किया जाता है। इसके लिए इंडक्शन चूल्हे लगाए गए हैं। यात्रियों को दिया जाने वाला नाश्ता व खाना आईआरसीटीसी के बेस किचन में तैयार होते हैं, जिसे मंडल व जोन के प्रमुख स्टेशनों से ट्रेनों के पेंट्रीकार में चढ़ाया जाता है।

अमेरिका-इजरायल व ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर गैस की आपूर्ति पर पड़ रहा है। कामर्शियल एलपीजी की आपूर्ति को बंद कर दिया गया है। रेलवे की कैटरिंग सेवा भी प्रभावित हो रही है। आईआरसीटीसी ने कामर्शियल सिलेंडर उपलब्ध न होने पर इंडक्शन व इलेक्ट्रिक बर्तनों पर भोजन तैयार करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में अब यात्रियों को रेडी टू ईट भोजन देने की तैयारी भी की जा रही है। यह भोजन डिब्बों में पैक रहता है। इसके पैकेट को खाने से पहले गर्म पानी में डालना होगा, कुछ ही देर में यह खाने के लिए तैयार हो जाएगा। यह भोजन रेलवे स्टेशनों के फूट प्लाजा सहित ट्रेनों में उपलब्ध कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### डोगरगांव स्कूल में विदाई समारोह

**अरंड (पिथौरा)।** समीपस्थ ग्राम डोंगरगांव के शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में कक्षा 8वीं के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से किया गया। पश्चात शिक्षकों व 8वीं के छात्रों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक ऋतुराज देवांगन, शिक्षक कौतुक पटेल, भारती देव ठाकुर, खेमचंद निराला, पालक मुन्ना साहू उपस्थित थे। शिक्षक कौतुक पटेल ने शिक्षा के महत्व और जीवन में आगे बढ़ने के लिए अपने उद्बोधन में सभी छात्रों को प्रेरित करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। छात्र छात्राओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल का आयोजन किया था। जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। 6वीं और 7वीं के विद्यार्थियों ने 8वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कक्षा 8 वीं के विद्यार्थियों ने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय में बिताए अपने अनुभव को साझा करते हुए माहौल को भावुक बना दिया।

### दो वाहनों से 9 मवेशी बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** पशु तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते बसना पुलिस ने हुए दो अलग-अलग वाहनों से मवेशियों का अवैध परिवहन करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहनों से कुल 9 नग मवेशी बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक पिकअप वाहन में मवेशियों को भरकर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर ग्राम खटखटी की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक ओडी 03 एसी 6670 को रोककर जांच की गई। वाहन में सवार दो व्यक्तियों ने अपना नाम भक्तान मेहेर उर्फ पिंटू (46 वर्ष) निवासी पटनागढ़, जिला बालांगीर ओडिशा तथा चालक जोगा कालिया (23 वर्ष) निवासी सिंगामुंडा, जिला बालांगीर ओडिशा बताया। तलाशी लेने पर वाहन से 6 नग भैंसे कीमत करीब 1 लाख 27 हजार रुपये बरामद हुए। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे मवेशियों को ओडिशा स्थित कत्लखाने ले जा रहे थे, लेकिन उनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं था। पुलिस ने मवेशियों, वाहन और आरोपियों के पास से एक मोबाइल फोन जब्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 10, 4 और 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसी तरह एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ग्राम खटखटी से बसना आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 06 जीजी 5574 से 3 नग मवेशी कीमत करीब 50 हजार रुपये बरामद किए। हालांकि, वाहन चालक पुलिस को देखकर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

### बसपा के संस्थापक कांशीराम की मनाई जयंती

रायपुर। भीम आर्मी भारत एकता मिशन छत्तीसगढ़ द्वारा कोरबा स्थित राजीव गांधी आडिटेरियम हॉल में रविवार को बहुजन नायक और बसपा संस्थापक स्व. कांशीराम की 92वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सभी सदस्यों ने छत्तीसगढ़ की उन्नति के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया।

# टोल में 2 ट्रकों की जांच में खुला करोड़ों के अवैध मिनरल ट्रेड का मामला

## 2 शेल कंपनियों का फर्जी बिल बनाकर लगभग 106 करोड़ से अधिक का ट्रेड और लेन देन संदेह और जांच के दायरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले की पुलिस ने दो ट्रकों की जंच में करोड़ों के अवैध मिनरल ट्रेड के मामले में कार्रवाई की है। शेल कंपनियों का फर्जी बिल बनाकर लगभग 106 करोड़ से अधिक का ट्रेड और लेनदेन जांच के दायरे में है।पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेसी 4585, सीजी 07 एवी 5290 के माध्यम से अवैध स्पंज आयरन परिवहन किया जा रहा है। इसके बाद पुलिस स्टाफ के माध्यम से उक्त ट्रक के ड्रायवर सोनूलाल मोंगरे एवं रामेश्वर मानिकपुरी से उक्त स्पंज आयरन के संबंध में पूछताछ कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया, जिस पर ड्रायवरों द्वारा दस्तावेज नही होना बताए जाने पर उक्त माल को धारा 106 बीएनएसएस के तहत जब्त किया गया था।

उक्त मामले में अग्रिम जांच कार्रवाई में आरोपी रंजित सिंह पिता रामेश्वर सिंह (45 साल) लोहराचट्टी थाना सोहेला जिला बरगढ़ ओडिशा के द्वारा अवैध लाभ अर्जन करने के आशय से विभिन्न ट्रकों से चोरी किये हुए स्पंज आयरन को अवैध भंडारण कर कूटरचित बिल को प्रयुक्त कर स्पंज आयरन का परिवहन लोहराचट्टी से थाना सोहेला जिला बरगढ़ ओडिशा से रायपुर उरला परिवहन करने का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपीगण सोनूलाल मोंगरे एवं रामेश्वर मानिकपुरी एवं रंजीत



सिंह के विरूद्ध धारा 318(4), 316(4), 317(2), 336(2), 338, 340, 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था और आरोपीगण सोनूलाल मोंगरे, रामेश्वर मानिकपुरी एवं रंजित सिंह को गिरफ्तार किया गया था।

प्रकरण की अग्रिम विवेचना में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने और जब्तशुदा अवैध स्पंज आयरन के संबंध में प्राप्त दस्तावेज का अवलोकन करने पर आरोपियों द्वारा लोहराचट्ठी से रायपुर परिवहन हेतु रायगढ़ की एक इस्पात कंपनी के संचालक तारक घोष एवं उनके सहयोगियों द्वारा फर्जी बिल प्रदाय करना बताये जाने से गढउमरिया पुसौर रायगढ स्थित इस्पात फर्म जाकर जांच की गई। जिसमें इस्पात फर्म की गतिविधियों से फर्म संचालक की अपराध में संलिप्तता पाये जाने से उक्त इस्पात के संचालक तारक घोष पिता विजय कुमार घोष (56 वर्ष) निवासी शांति विहार कॉलोनी माझापारा रैताराई जिला रायगढ को 8 मार्च को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के अब तक के संकलित दस्तावेजी साक्ष्य व गिरफ्तार आरोपियों से प्राप्त जानकारी के आधार पर उक्त मामला 106 करोड़ रुपए से अधिक का होना पाया गया। प्रकरण में मासिक वेतन पर कार्यरत 03 कामगारों के नाम पर शेल कंपनी बनाकर फेक इनवाईसिंग के जरिये फर्जीवाड़ा किया जाता हैं। जांच में करोड़ों के हवाला लेनदेन के भी सबूत मिल रहे है। प्रकरण में आरोपियों द्वारा स्पंज आयरन एक स्थान से दूसरे स्थान पर परिवहन व अवैध भंडारण हेतु अन्य कंपनियों से फर्जी बिल प्राप्त कर हाईवे में फर्जी दस्तावेज इस्तेमाल किया जाता था तथा करोड़ों का हवाला लेनदेन किया जाता था इस प्रकार जांच के दायरे में कई कंपनी और नए आरोपी आ सकते है । प्रकरण की विवेचना जांच हेतु स्पेशल टीम गठित कर प्रकरण के अन्य पहलुओं पर जांच की जा रही है।

# कलेक्टर लंगेह ने ली राजस्व अधिकारियों की वर्चुअल बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज सुबह 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की वर्चुअल बैठक ली। उन्होंने शासन की योजना के क्रियान्वयन और राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति और राजस्व कामकाज की समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व विभाग को पूरी गंभीरता और प्राथमिकता से काम को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी अपने मूलभूत कार्य को गंभीरता से पूर्ण करें। लोकहित और जनता की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उनके कार्य समय सीमा में निपटाएं। बैठक में अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अक्षा गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर सहित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद थे



तथा विकासखंड अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े। कलेक्टर लंगेह ने समीक्षा बैठक में कहा कि राजस्व अधिकारी शासन के कल्याणकारी योजनाओं के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करें। ताकि इसका लाभ लक्षित वर्गों को मिल सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशानुरूप राजस्व विभाग के योजनाओं का क्रियान्वयन कर लक्ष्य समय पर पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग की योजनाओं से पात्र लाभान्वित हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों और तहसीलदारों से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, वन अधिकार पत्र, भू-अर्जन, राजस्व वसूली सहित आम ग्रामीणों से जुड़े राजस्व प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली और शेष प्रकरणों को समय सीमा में समाधान के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने निराकृत राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए कहा कि जिन प्रकरणों का निराकरण राजस्व विभाग द्वारा कर लिया गया है। ऐसे प्रकरणों को रिकॉर्ड रूम में जमा करें। सभी तहसीलों में मॉडल रिकॉर्ड रूम भी बनवाएं ताकि रिकॉर्ड को बेहतर तरीके से रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि न्यायालयीन प्रकरणों को भी समय सीमा में पूर्ण करें। राजस्व विभाग के लोक सेवा गारंटी योजना के तहत जिन हितग्राहियों ने किसी कार्य के लिए आवेदन किए है, ऐसे आवेदनों या प्रकरणों को निर्धारित समय पर निराकृत करें। राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने विवादित एवं अविवादित नामांतरण, बटांकन, बंदोबस्त, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, सीमांकन आदि की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की।







### बागबाहरा में निकाली जाएगी 351 मीटर चुनरी यात्रा

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शिवसेना बागबाहरा द्वारा 25 मार्च को दुर्गा मंदिर से घुंचापाली चंडी माता मंदिर तक 351 मीटर चुनरी यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में डीजे धुमाल में थिरकते हुए जय भवानी जय शिवाजी की जय घोष करते हुए शिव सैनिक मुख्य मार्ग से निकलकर चंडी मंदिर पहुंचेंगे। इस दौरान माता के दरबार में पूजा अर्चना कर मन्नत की चुनरी चढ़ाई जाएगी। और क्षेत्र के लोगों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाएगी। जिसमें प्रमुख रूप से शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार पहुंचेंगे। चुनरी यात्रा में बागबाहरा ब्लॉक के लगभग 60 से 70 गांव के लोग शामिल होंगे। साथ ही 28 मार्च राम जन्मोत्सव रायपुर में मनाई जाएगी। सभी जिले से झांकी वह कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे, जिसकी अगुवाई प्रदेश प्रमुख धनंजय से परिहार करेंगे। इस जिला स्तरीय बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव सेवक दास दीवान, जिलाध्यक्ष अजय बंजारे, जिला महासचिव इनकुमार लहरे, सिंपल दुआ, अशोक प्रधान जिला उपाध्यक्ष, बादल बंजारे विधान सभा अध्यक्ष, सरायपाली विधानसभा अध्यक्ष छबि मानिकपुरी, खल्लारी विधानसभा अध्यक्ष हरी चंद्राकर, कोमाखन मण्डल अध्यक्ष देवसरण निषाद, तुकेश साहू, जीवन लाल ध्रुव, द्वारिका रात्रे, मुकेश चौहान, प्रकाश मांझी आदि शिवसैनिक उपस्थित रहे।

# बिहान योजना से सशक्त हुई पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड पिथौरा के ग्राम पंचायत परसापाली की पूर्णिमा आत्मनिर्भर होकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी है।

पूर्णिमा बताती है कि समूह से जुड़ने से पहले वे एक गृहिणी थीं और उनके पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य थी तथा नियमित आय का कोई उचित जरिया उपलब्ध नहीं था। ऐसे में परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करना चुनौतीपूर्ण था। वे बताती है कि बिहान अंतर्गत विकासखंड पिथौरा में सीआरपी चक्र के दौरान ग्राम परसापाली में महिलाओं को संगठित कर स्व सहायता समूह गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। इसी क्रम में विभिन्न आजीविका गतिविधियों में रुचि रखने वाली महिलाओं की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 10 महिलाओं ने मिलकर दिनांक 04 अप्रैल 2024 को एक स्व सहायता



समूह का गठन किया। इस समूह का नाम मेघावी स्व सहायता समूह रखा गया। समूह की सर्वसम्मति से सोहद्रा को अध्यक्ष, सावित्री ठाकुर को सचिव तथा पूर्णिमा को कोषाध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी दी गई। समूह के नियमित बैठकों, बचत एवं प्रशिक्षण के माध्यम से समूह की परिपक्वता विकसित हुई। इसके पश्चात जिला पंचायत द्वारा समूह को रिवॉल्विंग फंड के रूप में 15,000 रुपए तथा कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के रूप में 60,000 रुपए प्रदान किए गए। साथ ही बैंक से 1.50 लाख रुपए का ऋण भी उपलब्ध कराया गया।प्राप्त आर्थिक सहयोग का सदुपयोग करते हुए पूर्णिमा ने अपने गांव में फैंसी एवं फ्रूट सेंटर शुरू किया। वे बताती है कि इस व्यवसाय के माध्यम से अब उन्हें नियमित आय प्राप्त होने लगी है। इस कार्य में उनके परिवार के अन्य सदस्य भी सहयोग करते हैं, जिससे परिवार की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

आज पूर्णिमा आत्मनिर्भर होकर अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गई हैं। स्व सहायता समूह की सभी सदस्याएं बताती हैं कि बिहान योजना से जुड़ने के बाद उनमें आपसी सामंजस्य, सहयोग की भावना और आत्मविश्वास बढ़ा है। समूह के माध्यम से वे संगठित होकर कार्य कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत बना रही हैं। समूह की सभी महिला सदस्यों ने योजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए राज्य शासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# शिक्षामंत्री और शिक्षा सचिव की पहल से शुरू हुई मानवीय मूल्यों की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ के दूरस्थ संकुल केंद्र खट्टा के सभी 16 स्कूलों के 34 शिक्षकों ने एक माह तक संकुल में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला में भागीदारी करने के पश्चात राष्ट्रीय शिक्षा नीति और चेतना विकास मूल्य शिक्षा को गहराई से जानने - समझने की जिज्ञासा बढ़ चुकी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रकाश में चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला के प्रबोधक शिक्षक गेंदलाल कोकड़िया ने बताया कि शिक्षक गण अब अभ्युदय संस्थान अछोटी दुर्ग, जीवन विद्या का मुख्य केंद्र जाकर एक वर्षीय जीवन विद्या



अध्ययन करना चाहते हैं। संकुल केंद्र खट्टा के शिक्षकों ने राज्य सरकार, स्कूल शिक्षा विभाग, संचालक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर ऋतुराज गंगवंशी, शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के प्रति हार्दिक कृतज्ञता व सादर साधुवाद ज्ञापित करते हुए विनम्र आग्रह किया है, उन्हें और छत्तीसगढ़ के सभी शिक्षकों को जीवन विद्या का एकवर्षीय अध्ययन शिविर अभ्युदय संस्थान अछोटी से कराया जाये, संभव न हो तो मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही महासमुंद से भी करवा सकते हैं, जो कि निशुल्क होगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर को सिर्फ आदेश जारी करना है। शिक्षकों को मानवीय मूल्यों की शिक्षा से अवगत कराने के पश्चात उनके सोंच-विचार, कार्य व्यवहार में व्यापक बदलाव आएंगे। चेतना विकास मूल्य शिक्षा कार्यशाला को सफल बनाने के लिए ओमनारायण शर्मा, संकुल प्राचार्य लिकेश साहू, संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू, चंद्रभान ध्रुव, पवन कुर्रे, हेमंत कुमार देवांगन, दुलारी चंद्राकर, दीपा सिन्हा, तरुण सिन्हा, रेहाना यास्मीन का सहयोग रहा।

## निधन

### नारायण प्रसाद चंद्राकर

**महासमुंद।** ग्राम कौंकेरा निवासी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी नारायण प्रसाद चंद्राकर (84) का 15 मार्च 2026 रविवार को निधन हो गया। वे



हरगोविंद प्रसाद चंद्राकर एवं योगेश्वर चंद्राकर के पिता व सोमेश, दानेश्वर, श्रियंशी, सुयश, हर्ष चंद्राकर के दादा थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कौंदकेरा में 16 मार्च सोमवार को दोपहर 12 बजे किया गया।

### पांचवीं की बोर्ड परीक्षा शुरू, बंसुला संकुल में 91 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**बसना।** विकासखंड बसना में सोमवार से कक्षा पांचवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हुई। परीक्षा के पहले दिन विभिन्न परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थियों ने शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में परीक्षा दी। संकुल केंद्र बंसुला में कुल 91 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। परीक्षा केंद्रों में प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं, जिससे विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। संकुल केंद्र बंसुला के संकुल समन्वयक गोवर्धन डड़सेना ने बताया कि सभी केंद्रों में परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हो रही है और विद्यार्थियों में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं विकासखंड शिक्षा



अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे ने जानकारी देते हुए बताया कि बसना विकासखंड के सभी परीक्षा केंद्रों में विद्यार्थी व्यवस्थित रूप से परीक्षा में शामिल हुए और परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित हो रही है। इस दौरान बीआरसी बसना अनिल साव ने भी परीक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं और परीक्षा पूरी पारदर्शिता व अनुशासन के साथ आयोजित की जा रही है।

# महासमुंद में आवास योजनाओं और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पंचायत महासमुंद में समस्त जनपद पंचायतों के अंतर्गत कम प्रगति वाले ग्राम पंचायतों के सचिवों, सरपंचों, रोजगार सहायकों तथा आवास मित्रों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत नंदनवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–26 के अप्रारंभ एवं अपूर्ण आवासों की स्थिति, पीएम जनमन, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा मनरेगा के 90 दिवस के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर लंगेह ने निर्देश दिए कि वर्ष 2024–26 में प्रथम किस्त प्राप्त होने के उपरांत सभी अप्रारंभ आवासों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर प्रारंभ कराया जाए, ताकि सभी आवासों को 90 दिवस



की राशि जारी की जा सके। उन्होंने वर्ष 2024–25 में द्वितीय किस्त जारी होने के बाद लंबित आवासों को 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन के अंतर्गत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त सभी आवासों को भी अनिवार्य रूप से 31 मार्च 2026 तक पूर्ण कराया जाए। साथ ही मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत स्वीकृत सभी आवासों को भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत चल रहे कार्यों की भी समीक्षा की गई। इसमें घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था, सामुदायिक शौचालयों के उपयोग एवं निर्माण की प्रगति तथा मॉडल विलेज वेरिफिकेशन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, सब इंजीनियर, मनरेगा तकनीकी सहायक, सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, आवास मित्र सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### पापमोचनी एकादशी व्रत रख महिलाओं ने की पूजा अर्चना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में पापमोचनी एकादशी व्रत रखा महिलाओं ने पूजा अर्चना की। वीरेंद्र वैष्णव ने बताया पापमोचिनी एकादशी के दिन व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा पंचामृत, तुलसी के पत्ते, पीले फूल, धूप, दीप आदि से करते हैं। पूजा के समय पापमोचिनी एकादशी की व्रत कथा सुनते हैं। इस व्रत को करने से पाप मिटते हैं और मोक्ष मिलता है। पापमोचिनी एकादशी का व्रत चैत्र कृष्ण एकादशी को मनाया गया।



### कर्मा जयंती में शामिल हुए देवी

**महासमुंद।** भक्त माता शिरोमणि माता कर्मा जयंती लोहिया चौक में साहू समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने शामिल होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि साहू तेली समाज की सामाजिक, धर्मिक धरोहर मता कर्मा है। उनकी मक्ति भगवान कृष्ण के प्रति इतनी निस्वार्थ थी कि भगवान स्वंय उनके हाथों से खिचड़ी का भोग ग्रहण करते थे। इस कारण माता को शिरोमणि की उपाधि प्राप्त हुई। भक्ति सेवा त्याग एवं समर्पण की प्रतिमूति के रूप में माता कर्मा को पूरा संसार जानता है।

### टीम के चयन के लिए ट्रायल 22 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ ने सभी जिला क्रिकेट संघों को महिलाओं के अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के लिए सत्र 2026-27 के ट्रायल्स संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुसार महासमुंद जिला क्रिकेट संघ द्वारा जिले की टीम के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन 22 मार्च रविवार को प्रातः 8: बजे से मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। ट्रायल्स में भाग लेने के लिए सत्र 2026-27 के लिए निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसारः अंडर-23 वर्ग में 01 सितंबर 2003 से 31 अगस्त 2007 के बीच जन्मे खिलाड़ी ही पात्र होंगे। ट्रायल्स में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। बिना पंजीकरण के कोई भी खिलाड़ी ट्रायल्स में भाग नहीं ले सकेगा।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए जिले में शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) से बचाव के लिए जिले में एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ कलेक्टर विनय लंगेह की मौजूदगी में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुआ। इस अभियान के तहत जिले की 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की 11 हजार किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।

राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस के अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण अभियान बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से बचाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। यह टीका सुरक्षित और प्रभावी है। अभिभावकों से अपील है कि वे किसी भी भ्रम या अफवाह से दूर रहकर अपनी 14 से 15 वर्ष की बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं, ताकि उनका स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. अरविंद गुप्ता मौजूद थे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई. नागेश्वर राव ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में टीकाकरण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारी की गई है। अभियान के तहत जिले में लगभग 11 हज़ार से अधिक बालिकाओं को टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए डब्ल्यूएचओ से प्रमाणित और सुरक्षित टीका है। टीकाकरण के लिए बालिकाओं की आयु का निर्धारण आधार कार्ड के आधार पर किया जाएगा तथा उन्हें 0.5 एमएल की सिंगल डोज दी जाएगी। इस अवसर पर डॉ. घनश्याम साहू सहायक अस्पताल अधीक्षक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, हरिशंकर साहू, जिला सलाहकार अनुपम मिश्रा, सेक्टर सुपरवाइजर दीपक तिवारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 14 से 15 वर्ष की 11 किशोरी बालिकाओं को लगाया जाएगा एचपीवी वैक्सीन



### टीकाकरण कार्ड दिया गया

अभियान के दौरान टीकाकरण कार्य चिन्हित शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों की उपस्थिति में किया जाएगा। टीकाकरण के बाद बालिकाओं को 30 मिनट तक स्वास्थ्य कर्मियों की निगरानी में रखा जाएगा तथा सामान्य स्थिति होने पर उन्हें टीकाकरण कार्ड प्रदान किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के बीच समन्वय स्थापित कर कार्ययोजना तैयार की गई है। विद्यालयों के माध्यम से बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के संबंध में जानकारी देकर उनकी सहमति भी प्राप्त की जाएगी।

## कार्यक्रम : आंगनबाड़ी केंद्र में न्योता भोज का आयोजन

# न्योता भोज; पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समाज और शिक्षा के बीच बेहतर समन्वय

- महासमुंद जिले में 345 न्योता भोज आयोजित, 6005 बच्चे हुए शामिल

स्थापित करने की दिशा में आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू किया गया न्योता भोज कार्यक्रम पोषण, शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता का एक अनूठी पहल है। यह बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ-साथ समाज को शिक्षा और बाल विकास से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप जनवरी 2026 से महासमुंद जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में पालकों, दानदाताओं और सामाजिक प्रतिनिधियों द्वारा विशेष अवसरों जैसे जन्मदिन, वर्षगांठ या पारिवारिक खुशी पर बच्चों के साथ भोजन साझा करने की परंपरा शुरू की गई है। इस पहल के तहत आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों के साथ खुशियां बांट रहे हैं और उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रहे हैं।

इसी क्रम में सोमवार को जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 26 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में



जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास टिक्वेंद्र जटवार ने अपने पुत्र के जन्मदिवस के अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया। जहां पर आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को खीर, पूड़ी, केला, चावल, दाल एवं सब्जी जैसे पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। बच्चों ने उत्साह पूर्वक एवं खुशी-खुशी भोजन का आनंद लिया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुधा रात्रे सहित सहायिका एवं पालक गण मौजूद थे।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी टिक्वेंद्र जटवार ने कहा कि शासन द्वारा नेवता भोज कार्यक्रम समाज को बच्चों के भविष्य के निर्माण से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले अधिकांश बच्चे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से होते हैं। ऐसे में पौष्टिक आहार उनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। नेवता भोज के माध्यम से बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक भोजन मिलता है और साथ ही समाज में यह संदेश भी जाता है कि बच्चों का विकास केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जटवार ने कहा कि इस पहल से बच्चों में आंगनबाड़ी केंद्रों के प्रति आकर्षण भी बढ़ रहा है। उन्होंने जिले के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और दानदाताओं से अपील की है कि वे अपने परिवार के शुभ अवसरों को आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के साथ साझा करें। इससे समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। महासमुंद जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों में जनवरी 2026 से शुरू नेवता भोज कार्यक्रम के माध्यम से फरवरी 2026 तक 345 आयोजनों में कुल 6005 बच्चों को लाभान्वित किया गया है। जिसमें बागबाहरा विकासखंड में कुल 98 आयोजनों में 1489 बच्चों को पोषक आहार प्रदान किया। इसी तरह महासमुंद ग्रामीण अंतर्गत 23 आयोजनों के माध्यम से 455 बच्चे एवं महासमुंद शहरी अंतर्गत 25 आयोजनों में 545 बच्चे लाभान्वित हुए हैं। इसी तरह बसना विकासखंड में 67 आयोजनों में 1048 बच्चों को, पिथौरा में 65 आयोजनों के माध्यम से 1303 बच्चों को एवं सरायपाली में 67 आयोजनों में 1165 बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया है।

# मरार समाज बकमा राज नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

- पदाधिकारियों को दिलाई गई पद एवं गोपनीयता की शपथ

मरार समाज बकमा राज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के लिए आयोजित सामाजिक भवन दैहानीभाठा हरनादादर में 15 मार्च रविवार को शपथ ग्रहण समारोह में पदाधिकारियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस समारोह के शुरूआत मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चन करके किया गया। इस समारोह में समाज के वरिष्ठजनों तथा समाजन के उपस्थिति में हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समाज के संविधान और नियमों के दायरे में रहकर निष्पक्ष रूप से सेवा करने की शपथ ली। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में संयोजक शोभाराम पटेल सह संयोजक बलराम पटेल, संरक्षक दिनेश पटेल गैंदराम पटेल, अध्यक्ष रामशरन पटेल, उपाध्यक्ष जगदीश पटेल, विश्राम पटेल, कोषाध्यक्ष रामकुमार पटेल, उपकोषाध्यक्ष दिनेश पटेल, सचिव जितेंद्र पटेल, महामंत्री देवराम पटेल, संतराम रिखीराम इत्यादि ने पूरी निष्ठा के साथ गोपनीयता की शपथ ली। शपथ ग्रहण के दौरान अध्यक्ष रामशरण पटेल एवं अन्य पदाधिकारियों ने समाज की एकता अखंडता और विकास के लिए समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इसके बाद समाज के पूर्व पदाधिकारीयों का सम्मान मोमेंटो शाल श्रीफल देकर किया गया।

# खल्लारी में हुई ब्लॉक संगठन बागबाहरा की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सात क्षेत्रीय समिति से गठित ब्लॉक संगठन बागबाहरा की बैठक विगत दिवस खल्लारी स्थित सामाजिक भवन में राम जानकी एवं रामसखा गुहा निषादराज के पूजा अर्चना बाद प्रारंभ हुआ। जिसमें ब्लॉक संगठन के संरक्षक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रवि निषाद, संरक्षक भगतराम निषाद, सलाहकार एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष गण दाऊलाल निषाद, बालमुकुंद निषाद, रोहित निषाद, ब्लॉक अध्यक्ष कीर्तन निषाद, उपाध्यक्ष सविता निषाद, महासचिव मूलचंद निषाद, सचिव किशोर डहरवाल, मछुआ महासंघ के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश निषाद, पूर्व प्रदेश सचिव जानकी निषाद, खल्लारी सोसाइटी अध्यक्ष नंदकुमार निषाद आदि ने अपने विचार व्यक्त कर समाज को आगे लाने के लिए सक्रिय होकर मिलजुलकर कार्य करने संकल्प लिया।

ब्लॉक संगठन के युवा, महिला, शिक्षा, राजनैतिक, मीडिया, एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ गठन करने निर्णय लिया गया। समाज के कोई भी बच्चे शिक्षा से वंचित न हो प्रयास करने एवं होनहार जरूरतमंद बच्चों को आर्थिक सहयोग देने प्रस्ताव पारित किया गया। मीडिया प्रभारी उसकराम निषाद को नियुक्त किया। बैठक में मोहन निषाद के सभापति और रवि निषाद के संचालन में हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष कुंजलाल निषाद, संगठन सचिव तुलसीराम निषाद, उपसंगठन सचिव जतीराम निषाद, हुकुमचंद, श्यामकुमार, जगदीश, नोहर, दुखुराम, कार्तिकराम, सुखरू आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# दोबारा संचालक चुने गए हर्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ चंद्रनाहू शिक्षण समिति की प्रबंध कमेटी में संचालक सदस्य के रूप में दोबारा हर्षित चंद्राकर को चुना गया है। चयन पर हर्षित ने समस्त मतदाताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि हर कार्य में पूर्ण प्रयास करते हुए कार्य को संभव बनाने का आश्वासन दिया।



### यूपीएससी चयनित आईएएस संजय का झलप में किया गया सम्मान

**झलप।** प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में यूपीएससी की कठिन परीक्षा को पास कर आईएएस बने भाई संजय डहरिया का बरभाठा प्रवास के दौरान झलप में प्रगतिशील छ्ग सतनामी समाज के सदस्यों द्वारा स्वागत सम्मान किया। इस दौरान समाज के लोगों में उत्साह का माहौल था। ज्ञात हो कि बेलटुकरी (महासमुंद) निवासी संजय डहरिया का यूपीएससी 2025 में आईएएस पद हेतु चयन हुआ है। संजय ने इस मुकाम को हासिल करने के लिए बैंककर्मी, शिक्षक जैसे पदों को छोड़ा है तथा इस दौरान कैंसर जैसी बीमारी को भी मात दिया। युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष तेजराम चौलिक ने भाई संजय डहरिया के संघर्ष व मेहनत की प्रशंसा की। इस अवसर पर प्रगतिशील छ्ग के अठगवां अध्यक्ष भागीरथी मारकंडे, जिला सहसचिव भोजनाथ मधुकर, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष कुमारी भास्कर, किशन कोसरिया, डॉ विजय चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।



### लाफिनखुर्द में तीन दिवसीय आयोजित श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में पहुंचे तुषार

**महासमुंद।** ग्राम लाफिनखुर्द में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती व तीन दिवसीय श्रीराम कथा के समापन कार्यक्रम में राष्ट्रीय तेलीकर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। आयोजन सामिति के तत्वावधान में फूल माला, चंदन, गुलाल लगाकर स्वागत किया। तुषार ने कहा कि भगवान श्रीराम के बारे में महर्षि वाल्मीकि द्वारा अनेक कथाएं लिखी गई हैं। वाल्मीकि के अलावा प्रसिद्ध महाकवि तुलसीदास ने भी श्रीराम के महत्व को लोगों को समझाया है। भगवान राम ने कई ऐसे महान कार्य किए हैं, जिसने हिंदू धर्म को एक गौरवमयी इतिहास प्रदान किया है।

# संत माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति व समर्पण का प्रतीकः निखिलकांत

**महासमुंद।** संत माता कर्मा जयंती के अवसर पर शहर सहित विभिन्न ग्रामों में भक्तिमय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। नगर के लोहिया चौक एवं ग्राम बोरियाझर, झलप क्षेत्र के ग्राम लखनपुर तथा ग्राम कौंदकेरा में आयोजित माता कर्मा की जयंती कार्यक्रम में शामिल होकर नगर पालिका अध्यक्ष ने माता कर्मा की पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली व सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इस दौरान नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि संत माता कर्मा भगवान जगन्नाथ की अनन्य भक्त थीं। वे भगवान को पुत्र के रूप में मानकर रोज सुबह बाजरे की गर्म खिचड़ी का भोग लगाते थे। उनके निश्छल भक्ति और प्रेम से प्रसन्न होकर भगवान जगन्नाथ ने साक्षात उन्हे दर्शन दिया और उनके हाथों से खिचड़ी प्रसादी ग्रहण किया। हम सौभाग्यशाली हैं, कि महान संत भक्त माता माता कर्मा की जयंती मना रहे हैं। उनका जीवन सेवा, भक्ति और समाज कल्याण की भावना से ओतप्रोत है। जो आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक है। भक्त माता कर्मा ने अपने जीवन में यह संदेश दिया की सच्ची श्रद्धा, समर्पण और परिश्रम के साथ समाज सेवा करने से ही समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है। उनके आदर्श विचार समाज को एकता, सद्भाव और सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। महासमुंद सहित पूरे प्रदेश में भक्त माता कर्मा के प्रति समाज में गहरी आस्था है।



कालड़ा हॉस्पिटल
- प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
- कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
- कॉस्मेटिक सर्जरी
- हेयर ट्रांसप्लांट
- लाइपोसक्शन
- अंगों का प्रत्यारोपण

पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# कर्मा जयंती आयोजन में हुआ पोस्टर विमोचन और जसगीत रिलीज

**खल्लारी।** भक्त माता कर्मा के 1010वीं जयंती प्रदेश भर में हर्षोल्लास, सामाजिक समरसता और भक्ति पूर्ण वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय महासमुंद के लोहिया चौक में भी भक्त कर्मा जयंती का आयोजन हुआ। जिसमें जिलेभर के सामाजिक पदाधिकारी, सर्व समाज के प्रतिनिधि, सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में संध्याकालीन महाआरती के पश्चात 'राजिम माता के लोचन भगवान' जसगीत को रिलीज किया गया। इस अवसर पर जिला साहू संघ महासमुंद के अध्यक्ष ढालूराम साहू, भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू, छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, आनंद साहू, देवेश साहू, सती साहू, पार्वती साहू, सावित्री साहू, नारायण चौधरी, केवल साहू, नंदकुमार साहू, तरुण साहू, अजय साहू, देवेंद्र साहू, विकास साहू, विश्राम यादव एवं बड़ी संख्या में युवा व सामाजिक जन उपस्थित रहे। माता राजिम के जीवन पर आधारित जसगीत में उनके आराध्य लोचन की भक्ति को बताया गया है। जिसके रचनाकार युगलकिशोर साहू, निर्मात्री तारिणी साहू, गायक विश्राम यादव एवं खुशी साहू है। उपस्थित अतिथियों ने इसे गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इस गीत के लिए पूरे टीम को बधाई दी। इससे पूर्व भक्त माता कर्मा मंदिर खल्लारी एवं ग्राम कमरौद के कर्मा जयंती आयोजन में गीत का पोस्टर विमोचन हुआ। विमोचन के अवसर पर जिला साहू महासमुंद के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मण साहू, भुलऊराम साहू, तहसील साहू संघ बागबाहरा अध्यक्ष एवन साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष चंदूलाल साहू, भुवन साहू, चमनलाल साहू, सेवाराम साहू, सरपंच भारती साहू, खेमराज साहू, उपसरपंच लता सहिस, मोहन कुलदीप, अलख राम साहू, हेमन साहू, टीकम साहू, वेणु साहू, सारकेश, ओमप्रकाश, भूषण नामदेव, उमेंद्र पटेल, जानवी साहू, खिलेश्वरी साहू, ममता संजय साहू, बिंदु साहू, भारत साहू, टेकराम साहू, विष्णु साहू, तेजराम साहू आदि मौजूद रहे।



online Booking:-www.tripuryatra.com




चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ,
श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टैम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
18 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
यदि आपके पास 2,3,4 या 5 श्रद्धालुओं का छोटा ग्रुप है तो भी आप इन्हे निर्धारित तिथियां में इस ग्रुप के साथ भेज सकते है इससे आपकी यात्रा कैंसिल नही होगी और आसानी से यात्रा हो सकेगी
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411